## आजसू नगर कमेटी की बैठक में शामिल हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कहा

# उप चुनाव में ममता का नाटक नहीं आजसू के विकास का चलेगा जादू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ की कांग्रेस विधायक ममता देवी को 5 साल के कारावास की सजा के बाद रामगढ़ उपचुनाव की दहलीज पर पहुंच गया है। इस उपचुनाव को लेकर आजसू ने अभी से ही कमर कस लिया है। मंगलवार को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने आजसू नगर कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ एक बैठक भी की। पार्टी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उपचुनाव को जीतने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस बार ममता का कोई नाटक नहीं चलने वाला है। आजसू ने 15 वर्षों में जो विकास का कार्य किया था, उस के दम पर ही इस बार चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतारेंगे। उन्हें उम्मीद है कि जनता उनके पक्ष में मतदान करेगी।




### पैसे के लिए आइपीएल प्लांट में हुआ था आंदोलन

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आजसू पार्टी ने कई आंदोलन इस प्रदेश में किए हैं। आंदोलन की ताकत से दिल्ली तक हिल चुका है। लेकिन आईपीएल प्लांट के बाहर व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए जब आंदोलन शुरू हुआ तो वहां लाशें भी गिर गयी। किसी को पैसा चाहिए था तो किसी को रंगदारी वसूलने की इच्छा थी।

### अपने-अपने बूथों में रहनेवालों को पार्टी के प्रति करें जागरूक : दिलीप

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा कि आने वाली विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जाएं। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी बूथ जीत गए तो निश्चित ही चुनाव जीत गए। सके लिए अभी से ही पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में जुट जाएं। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने 15 सालों में जिले में विकास की गंगा बहाई, लेकिन इन 3 वर्षों में आप स्वयं देख ले रामगढ़ जिले की स्थिति क्या है।

### ओवरकॉन्फिडेंस छोड़ कर घर-घर जायेंगे आजसू के कार्यकर्ता

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि उपचुनाव को लेकर ना तो पार्टी और ना ही कार्यकर्ता ओवरकॉन्फिडेंस में है। सांसद खुद अपने कार्यकताओं के साथ घर-घर जाएंगे। लोगों को झारखंड सरकार की नाकामयाबी का दर्पण दिखाएंगे। एक बार फिर रामगढ़ में नाटक शुरू होने वाला है। विधायक ममता देवी ने 3 वर्षों के कार्यकाल में रामगढ़ को पिछड़े जिले में लाने का काम किया है। जबकि, आजसू ने इस क्षेत्र को विकास के सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचाने का काम किया था। सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि जब उन्हें न्यायालय ने 3 माह की सजा सुनाई थी, तब उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। लेकिन जब 5 वर्ष की सजा हुई तो सारे आरोप मुझ पर लगने लगे।

### बैठक में ये थे उपस्थित

नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, जिला प्रधान सचिव अनुज तिवारी, बुद्धिजीवी मंच के महेंद्र मोदी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, इंद्रपाल सिंह सैनी, पप्पू जस्सल, विभन सिंह, उत्तम पासवान, लालबिहारी महतो, पिंकू चौधरी, पवन करमाली, पंकज वर्णवाल, नीतीश निराला, पंकज दांगी आदि उपस्थित थे।

## ड्रग इंस्पेक्टर पहुंचे चतरा रेड क्रॉस, ब्लड बैंक का किया निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा मंगलवार को शहर के रेड क्रॉस सोसाइटी पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वे मुख्य रूप से ब्लड बैंक में उपलब्ध उपकरणों से लेकर ब्लड बैंक के सफल संचालन में उपयोग किए जाने वाले सभी तकनीकी व गैर तकनीकी सामग्रियों की जांच की। इतना ही नहीं ड्रग इंस्पेक्टर ने रक्त कलेक्शन से लेकर रक्त वितरण पंजी की भी गहनता पूर्वक जांच की। जांच के क्रम में सभी कुछ सही पाया गया। परंतु रक्त केंद्र के गाइड लाइन के अनुसार उन्होंने रेड क्रास भवन में कम से कम 3 एयर कंडीशन लगाने का सुझाव दिया। इसके अलावा उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने का भी सुझाव दिया। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव राजकुमार अग्रवाल, मेडिकल इंचार्ज डॉ विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्नेह राज, ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय के सहायक वारिश हसन सहित रेड क्रॉस कार्यालय के सभी कर्मी व सदस्य उपस्थित थे।

## उद्योग विभाग के अधीन संचालित योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास अयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में डीआईसी प्रबंधक कुमार शुभाशीष द्वारा जानकारी दी गई कि कुल लक्ष्य 141 प्राप्त है जिनमे से अभी तक ऑनलाईन आवेदन 186 बैंक को भेजी गई है। लोन स्वीकृति हेतु 58 आवेदन बैंक के द्वारा स्वीकृत की गई है एवं 44 आवेदन लंबित है तथा 84 आवेदन अभी तक बैंको द्वारा अस्वीकृत किया गया है। कुल आवेदनों में से 13 आवेदन कताओं का भुगतान कर दिया गया है। जिसे लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा नराजगी जताते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा 31 दिसम्बर तक लंबित आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही गयी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा, डीआईसी प्रबंधक कुमार शुभाशीष, मनीष कुमार, अमित कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## नियोजन नीति और रेबिका की निर्मम हत्या के विरोध में भाजयुमो ने किया पुतला दहन




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वधान में मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो की कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा सरकार की बनाई हुई नियोजन नीति को असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर तथा रेबिका पहाड़िया की निर्मम हत्या के खिलाफ इस जनविरोधी सरकार का मंगलवार को रामगढ़ के सुभाष चौक पर भाजयुमो कैंट मंडल अध्यक्ष तरुण कुमार साहू के नेतृत्व में हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि हेमंत सोरेन युवा एवं छात्र विरोधी है। राज्य के छात्र छात्राओं को आगे आकर हेमंत सरकार के जनविरोधी नीति के खिलाफ विरोध करना होगा तभी झारखंड का संपूर्ण विकास संभव है। जब से यह सरकार बनी है तब से युवाओं को सिर्फ और सिर्फ बरगलाने का काम कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजयुमो खेल प्रकोष्ठ संयोजक कीर्ति गौरव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, प्रहलाद पांडे, रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो, जिला मंत्री नितेश कुमार, रंजीत सिन्हा, एससी/एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुमेल उरांव, एससी मोर्चा के विनोद राम, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, प्रवीण कुमार सोनू, धीरज साहू, लक्ष्मी देवी, अमिता सोनी, प्रिया करमाली, सहदेव ठाकुर, मुकेश ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, नितेश ओझा, अमित ठाकुर, सुदीप मिश्रा, शशि शेखर सिंह, सौरभ कुमार, शिवकुमार गुप्ता, विनोद साहू, विकी कुमार, अनिल ठाकुर, शुभम कुमार आदि शामिल थे।

## एनटीपीसी ने पहली इकाई से 701.02 मेगावाट का बिजली उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया



**टंडवा (आजाद सिपही)।** नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी ने पहली युनिट से भेल कंपनी 701.02 मेगावाट की बिजली उत्पादन कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया ।यह सफलता मंगलवार सुबह 7 बजे मिली,पिछले बार 500 मेगावाट बिजली उत्पादन की ट्रायल किया गया था ।इस उपलब्धि पर एनटीपीसी के सीजीएम तजिंदर गुप्ता ने टेक्निकल टीम को बधाई दिया।

## बरकाकाना ओपी के 26 वें थाना प्रभारी के रूप में शशि प्रकाश ने संभाला पदभार



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार बरकाकाना ओपी के 26 वे थाना प्रभारी के रूप में शशि प्रकाश ने पदभार संभाला। पद संभालने के उपरांत ओपी प्रभारी श्री प्रकाश ने कहा अपराधमुक्त क्षेत्र व शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखना पहली प्राथमिकता होगी ।उन्होंने किसी प्रकार की शिकायत के लिए बिना किसी बिचौलियों के निसंकोच सीधा संवाद करने की बात कही ।इसके पूर्व थाना प्रभारी विनय कुमार ने काजगी प्रक्रिया पूरी कर नवनियुक्त थाना प्रभारी शशि प्रकाश को पदभार सौपा ।बताते चलें कि नवनियुक्त थाना प्रभारी शशि प्रकाश 2018 बैच के पदाधिकारी है ।रामगढ व अन्य थानों में बेहतर क्रियाकलापों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने ये जिमेवारी सौपी है।

## जान से मारने का किया गया प्रयास

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर गांव निवासी एहसान अंसारी और इमारन अंसारी दोनो के पिता- अब्दूल हमीद अंसारी ने पतरातू थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया कि 19 दिसम्बर को दोपहर रेलवे फाटक के पास गणेश ठेठरा, पिता- स्र्व रामचन्द्र ठेठरा, गुडु ठेठरा, राजा ठेठरा, रूपेश ठेठरा पिता- गणेश ठेठरा पतरातू निवासी के द्वारा जान से मारने का प्रयास किया गया। एहसान और इमारन ने पतरातू थाना में आवेदन देकर आवशयक कारवाई करने का गुहार लगाया है।

# लेवी वसूली को लेकर निर्माणाधीन गेरुआ पुल में हुई फायरिंग, कोई हताहत नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** टंडवा के लाइफ लाइन कहे जाने वाली निर्माणाधीन गेरुआ पुल मे लेवी की मांग को लेकर अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार को हवाई फायरिंग किया। जानकारी के अनुसार औद्योगिक नगरी के मुख्य शहीद चौक समीप गेरुवा पुल का निमार्णाधीन प्रत्येक दिन के अनुसार कार्य किया जा रहा था। इस दौरान अज्ञात दो अपराधियों ने कार्य करा रहे साइट इंचार्ज से मुलाकात किया एवं उनसे कहा कि विकास तिवारी से बिना बात किये काम नही कर सकते हैं, अविलंब काम बंद कराने की धमकी दिया। इस दौरान दो अज्ञात अपराधियों ने धमकी देकर जाने के दौरान हवाई फायरिंग कर दिया। जिससे साइट में अफरा तफरी मच गया। लेकिन किसी को कोई हताहत नही हुयी। घटना की सूचना स्थानीय थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह को दिया गया। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर विजय सिंह ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर जायजा लिया एवं अपराधियों को धर पकड़ को लेकर जांच अभियान शुरू कर दिया। इधर साइट इंचार्ज द्वारा घटित घटना को लेकर स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया खबर लिखे जाने तक जारी था। बरहाल हवाई फायरिंग से क्षेत्र में हड़कंप मचा गया है।



## रमेंद्र कुमार पुन: चुने गये राष्ट्रीय अध्यक्ष केरल में हुआ पांच दिवसीय महाधिवेशन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन संघ (एटक) का केरल के अल्फुजा में पांच दिवसीय 42वां महाधिवेशन सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से पूर्व सांसद सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार को पुन: एटक का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। साथ ही अमरजीत कौर का महासचिव पद पर चयन हुआ। इसमें देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित उपक्रमों, संगठित व असंगठित संगठनों से कुल 1264 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महाधिवेशन में श्रम अधिकारों पर हमला एव श्रम कानूनों का संहिताकरण, अंसगठित मजदूर को संगठित करना एवं उनके हक-अधिकार के लिये लड़ना, सरकारी उपक्रमों का निजीकरण पर कैसे रोक लगे सहित एटक को मजबूत करने और आन्दोलन को तेज करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा महाधिवेशन में 27 प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही भविष्य के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी। मौके पर झारखंड एटक महासचिव पीके गांगुली, उपमहासचिव अशोक यादव, ओमप्रकाश सिह, विधायक सीता सोरेन, ढुल्लू महतो, अरबिंद शर्मा, विनोद मिश्रा, रामजी साह, बैजनाथ सिह, राजीव कुमार, राकेश चे

# बहु प्रतीक्षित रेल परियोजना रांची कोडरमा वाया बरकाकाना रेल लाइन होगा जल्द शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकाकाना।** बहु प्रतिक्षित रांची-कोडरमा परियोजना वाया बरकाकाना रेल लाइन पर जल्द दौड़ेगी एक्सप्रेस व अन्य ट्रेन ।जल्द मिलेगी रेलवे की सौगात जिससे आमलोगों को राँची से कोडरमा जाने में होगी समय की बचत ।इसी क्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की देख रेख में सिधवार से सांकी स्टेशन के बीच सीआरएस स्पीड ट्रायल शुरू किया गया,जिसमें सीआरएस शुभोमोई मित्रा, सीएओ(कंस्ट्रक्शन) एसके गर्ग, सीई (कंस्ट्रक्शन, एसई) एसके सिंह, डीआरएम धनबाद अशीष बंसल, सीनियर डीईएन (कंस्ट्रक्शन) अमित कुमार, डेप्युटी सीई (बरका) बिकेश कुमार, सीनियर डीईएन श्री इंद्रजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे ।मंगलवार सुबह आठ बजे सभी अधिकारी बारह बोगी के विशेष सैलून से सिधवार स्टेशन पहुँच कर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कई दिशा-निर्देश दिये।



### 26.2 किलोमीटर रेल लाइन का हुआ स्पीड ट्रायल

बताते चलें कि अधिकारियों ने सुबह आठ बजे मोटर ट्रॉली से सिधवार से सांकी 26.2 किलोमीटर तक नई रेल लाइन पर स्पीड ट्रायल शुरू किया। इस दौरान रेल लाइन पर सिधवार सुरंग, हेहल सुरंग,कट एंड कवर सुंरग और बारीडीह सुरंग का अवलोकन किया ।अधिकारियों ने स्पीड ट्रायल के क्रम में ब्रिज, मोड़, विद्युतीकरण, आरओबी, आरयूबी का निरीक्षण किया।

### सीआरएस ट्रायल की सफलता के बाद मिलेगी ट्रेनों को हरी झंडी

सिधवार-सांकी नई रेल का सीआरएस स्पीड ट्रायल होने पर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है ।सफलतापूर्वक ट्रायल की रिपोर्ट पर रूट पर ट्रेनों के परिचालन को हरी झंडी मिल जाएगी। अनुमान है कि जल्द ही इस रूट पर आम लोग भी ट्रेन की सवारी का आनंद उठा सकेंगे।

## जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया खेल में परचम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्व. रिझूनाथ चौधरी रामगढ़ जिला एथेलेटीक चैम्पियनषिप प्रतियोगिता में जुबिली कालेज भुरकुंडा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्षन कर परचम लहराया है। रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में जुबिली कॉलेज के सात खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कालेज के परमेष्वर महतो ने 100 व 200 मीटर दौढ़ में प्रथम, बालचंद बेदिया ने 100 व 400 मीटर दौड़ में प्रथम, गीता कुमारी ने 800 व 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय, प्रिया कुमारी ने 10 हजार मीटर में द्वितीय, सुनैना कुमारी ने 200 मीटर में द्वितीय, सोनी कुमारी ने 800 मीटर में तृतीय व अनुराधा कुमार ने 3 हजार मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना व महाविद्यालय का नाम रौषन किया है।

## ए ला एंगलाइज की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रही दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का मंगलवार को समापन हुआ। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य बिजयंत कुमार द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। खेल प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास व खेल शिक्षक कंचन कुमार सोनी की देखरेख में हुए प्रतियोगिताओं में सभी सदनों के प्रतिभागी शामिल हुए। इसके तहत बच्चों के लिए मेंढक दौड़, पूछ तोड़, चम्मच गोली, सब्जी बाजार, ड्रेस तैयारी इत्यादि प्रतियोगिता हुई। वहीं बड़े बच्चों के बीच जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो सहित 100, 400, 3000 व 5000 मीटर दौड़ का आयोजन हुआ। खोलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छः सदनों बाल्मीकि, नेताजी, बुद्धा, अशोका, आर्यभट्ट व टाइगर सदनों में बाल्मीकि सदन, नेताजी सदन और टैगोर सदन क्रमशः 1740, 1340 और 1320 अंकों के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किय हाल ही में हुए जिला स्तरीय रीझुनाथ चैधरी मेमोरियल प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों द्वारा तीन गोल्ड मेडल और सात सिल्वर और ब्रोंज मेडल प्राप्त किया गया था। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश कुमार सोनी, जयकिशोर प्रसाद महतो, सूरजदेव सिंह, कुमार विश्वकसेन, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, सिद्धार्थ मासूम, गौरव साहू, कृष्ण कुमार, सुनीत एक्का, जलेश्वर महतो, पूजा मुर्मू, ललिता देवी, बबीता सिंह, सरिता कुमारी, काजल बनर्जी, सीमा मुंडा, नीतू सिंह, पूनम कुमारी, कविता कुमारी, शीला बेदिया, शबाना खातुन, गीता प्रसाद का विषेष योगदान रहा है।

## जल सहियाओं को जल जांच का दिया गया प्रशिक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हॉल में मंगलवार को जल सहियाओं को जल जांच का प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य यह है कि जल सहिया अपने अपने क्षेत्रों को पेयजल स्त्रोतों का जांच करेंगे कि जल स्त्रोतों का जल पीने योग्य है या नहीं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा आयोजित इस शिविर में जल जीवन मिशन सूची में शामिल गांवों के पांच पांच महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ महिलाओं को बताया गया कि वे अपने क्षेत्रों में आम लोगों को जागरुक भी करें कि पेयजल स्त्रोंतों को गंदा नहीं करें क्योंकि जीवन में जल का अपना अलग ही महत्व है। मौके पर शामिल विभाग के सहायक अभिंता जॉय कमार मिंज, कनीय अभियंता मिन्हाज अंसारी, समन्वयक डॉ विपुल कमार आदि ने यह भी बताया कि 2024 तक प्रत्येक घरों में नल से पेयजल पहुंचाने की योजना बनाई गई है। शिविर में महिलाओं को जल जांच कीट का वितरण भी किया गया और इसके पूर्व जांच की विधि के विषय में विस्तार से बताया गया। मौके पर दर्जनों की संख्या में जल सहिया व अन्य महिलाएं शामिल थीं।

## पीवीयूएनएल ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के मध्य विद्यालय जयनगर में मंगलवार को पीवीयूएनएल के माध्यम से प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत बच्चों को कई प्रकार के प्रश्न पुछे गए। इसके साथ ही स्वर्णरेखा महिला मंडल के महिलाओं के साथ बच्चों के संवादात्मेक सत्र में महिलाओं ने बच्चों को देश के स्वतंत्रता संग्राम के विषय में जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार हमारे महापुरुष अपनी जाने देकर देश को आजाद कराएं है। क्वीज प्रतियोगिबता पीवीयुएनएल ने अपने चलो स्कुल चलें अभियान के तहत आयोजित करवाया ताकि बच्चे स्कुल में आएं और शिक्षा ग्रहण कर सकें और स्कुल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या कम हो। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और पीवीयुएन के अधिकारी शामिल थे।

## रोजगार के लिए एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक ने पीवीयूएनएल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक ने क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को रोजगाार देने एवं मजदूरों को शोषण बंद करने सहित कई समस्याओं के सामाधन के लिए मंगलवार को 9 सूत्री मांग पत्र एनटीपीसी पीवीयुएनएल प्रबंधक को सौपा। इस मौके पर सीपीआई के पतरातू अंचल मंत्री मनोज कुमार महतो, रमेश महतो, किशोर महतो, संतोष मुंडा, ईश्वर महतो, मनोज मुंडा, विनय कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार, विजय कुमार, नरेश बेदिया, सोनज कुमार, विवेक कुमार, राहुल करमाली, विक्रम कुमार, मनीष कुमार, मनोज बेदिया, राहुल कुमार, राजकुमार ताप्ती, शिबु करमाली, धर्मेंद्र कुमार राम, विवेक कुमार, प्रदीप सिंह, अनिकेत सिंह, कुंदन कुमार सहित यूनियन के कई नेता शामिल थे।

# चतरा में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी का डीसी ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** उपायुक्त अबु इमरान ने मुख्यमंत्री का संभावित जिला का भ्रमण तथा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाली गुड गवर्नेन्स वीक के तहत प्रशासन गांव की ओर का जायजा लेने के लिए जिले के कुंदा प्रखंड का दौरा किये।

### अनाज गोदाम का निरीक्षण

अपने विकास योजनाओं की निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री इमरान ने प्रखड अवस्थित अनाज गोदाम का निरीक्षण कर संबंधित को निदेश दिया कि वे सही माप और ससमय डीलर को अनाज मुहैया कराना सुनिश्चित करेंगे।

### स्वास्थ्य उप केंद्र का निरीक्षण

उपायुक्त अबु इमरान ने अपने निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लेते हुए हुए मरीजों के लिए एम्बुलेंस की ब्यवस्था 24 घंटे करने का निदेश दिया साथ ही उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी को स्वास्थ्य केंद्र परिसर की अवश्यक साफ सफाई कराने का भी निदेश दिया। उन्होंने मौके पर जरूरतमंद मरीजों के बीच ठंढ से राहत के लिए कंबलों का वितरण किया।



### प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण

उपायुक्त अबु इमरान ने कुंदा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण के क्रम में सभी कर्मियों का उपस्थिति पंजी का जांच करते हुए सभी को ससमय कार्यालय आने और जाने का निदेश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि लोग ततपरता के साथ लोगों की सेवा भाव से कार्य करें।

### गुड गवर्नेंस के तहत लगाये गये कैंप में आवेदन प्राप्त कर ससमय निष्पादन करें : उपायुक्त

गुड गवर्नेंस वीक के तहत जिले में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक सुलभ तरीके से पहुंचाने के लिए जगह जगह कैम्प लगाया जा रहा है ।इसी के तहत मुख्यमंत्री साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवरीति योजना आदि के लिए लगाए गए कैंपो का निरीक्षण कर ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर उनको जल्द से जल्द निष्पादन का निदेश दिया।

## मांगों पर पहल नहीं हुई तो 11 से बलकुदरा से ट्रांसपोर्टिंग होगा ठप

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति ने भुरकुंडा पीओ को पत्र सौंप आंदोलन की चेतावनी दी है। पत्र में कहा है कि पीछले 18 नवंबर को समिति के तत्वावधान में जन प्रदर्षन के माध्यम से सात सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा गया था। इसमें भुरकुंडा कोलियरी में रोड सेल चालू करने, रोड सेल में 75 प्रतिषत कोयला का आवटंन करने आदि मांगें शामिल थी। एक माह बित जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गई। जिससे रोड सेल में कार्यरत मजदूर, ग्रामीण व रैयतों में आक्रोष है। 15 दिनों के अंदर मांगों पर पहल नहीं हुई तो 11 जनवरी से बलकुदरा खुली खदान से कोयले का ट्रांर्स्पोटिंग ठप कर दिया जाएगा। सौंपें गए पत्र में गिरधारी गोप, मुकेष कुमार, प्रेम कुमार, हरिषंकर चौधरी, रावेल एक्का, अभय कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, बालेष्वर पासवान, कुलदीप यादव, रेवती रमन के हस्ताक्षर अंकित थे।

## विभिन्न सड़कों के निर्माण को लेकर सांसद ने की अनुशंसा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा क्षेत्र के 17 सड़कों को बनाने की अनुषंसा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत की है। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि नारयणचंद भौमिक ने बताया कि इसमें बड़कागांव-पसरिया, उरीमारी-तलसवार भाया आंगो, जोबर-तिलैया भाया खारती, टाटी झरिया से धर्मपुर भाया खमवा, चैपारन आश्रम रोड से महुदी, सिधानी से सैमलु बरसी, हुत्पा से चंदवार भाया गरहेत, केरेडारी से बुन्डू कोरले, गोला कुष्टरगरहा से सुतरी, गोला हप्पू दषरथ चैक से बंदा, गोला जोबिया से रजरप्पा मंदिर भाया हेसापोड़ा, मांडू एनएच 33 पोचरा से सुगिया, मांडू हीरक रोड छोटकी चुम्बा भाया कंजगी बूमरी, पतरातू रषियन होस्टल से टेरपा, पतरातू दूरगी मसमोहना, कडरू, बारीडीह, लबगा से सौंदा बस्ती भाया जयनगर सड़क शामिल है।

## आजमगढ़ में सड़क दुर्घटना में मौत

**कैरो।** थाना क्षेत्र के कैरो निवासी सोमा उरांव का 28 वर्षीय पुत्र बिनोद उरांव का उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया। परिजनों ने बतलाया कि बिनोद उरांव रोजी रोजगार की तलाश में आजमगढ़ स्थित ईट भठ्ठा गया था। साप्ताहिक दिन बिनोद उरांव बाजार जा रहा था तभी रास्ते मे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया सोमवार को शव बिनोद उरांव के पैतृक गांव कैरो भेज दिया गया जो मंगलवार को कैरो पहुंची जिसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अपने पीछे माता, पिता, पत्नी और एक पुत्र एक पुत्री छोड़ गया। इस घटना से परिजनों को गहरा आघात लगा है।

### लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध 'अभियान सहेंगे नहीं, कहेंगे की शुरूआत' के मौके पर डीसी ने कहा

# महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी : डीसी

**सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है जिसके तहत मुआवजा का प्रावधान है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** डीसी ने कहा कि आज महिलाएं अगर असुरक्षित महसूस करती हैं तो उसके पीछे कुछ कारण हैं। इनमें शिक्षा और आर्थिक रूप से पिछड़ा होना एक कारण हो सकता है। आज महिलाएं असुरक्षित महसूस नहीं करें और वे सशक्त हों तो इसके लिए उनका शिक्षित होना और आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना सबसे जरूरी है। जो महिला आज शिक्षित और अपने पैरों पर मजबूती से खड़ी हैं तो वे आत्मविश्वास से भरी होती हैं, खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज नया नगर भवन, लोहरदगा में ग्रामीण विकास विभाग और शहरी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ किये जा रहे लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान सहेंगे नहीं, कहेंगे की शुरूआत पर बतौर मुख्य अतिथि कही। **पुलिस हमेशा आपके साथ: आर रामकुमार :** कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है। आपको कोई भी समस्या हो तो आप अपने संबंधित थाना प्रभारी, महिला थाना या जिला के पुलिस अधीक्षक से सीधे शिकायत कर सकते हैं। आपको आर्थिक रूप से सशक्त होना चाहिए। अपना बैंक खाता अवश्य रखें। सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है जिसके तहत मुआवजा का प्रावधान है। आप इन सब बातों की जानकारी अवश्य रखें।

### कानूनी सुविधाओं की जानकारी अवश्य रखें: राजेश कुमार

डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि डालसा, लोहरदगा द्वारा विभिन्न कानूनी सुविधाएं जिला में दी जा रही हैं, उनकी जानकारी आप अवश्य रखें। महिला हिंसा से जुड़ी कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न थानों में पारा लीगल वॉलेंटियर्स मौजूद हैं। आप उनसे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में डीपीएम जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन ने कहा कि महिला हिंसा उन्मूलन से संबंधित इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष किया जायेगा। कार्यक्रम में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, नगर प्रबंधक विजय कुमार, होप संस्था की मनोरमा एक्का समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## कुरुख गायक सुकुल उरांव को मिलेगा सम्मान



**लातेहार।** सदर प्रखंड के रेलवे स्टेशन स्थित पतरिया चोटाग निवासी सह कुरुख गायक सुकुल उरांव, रविकांत भगत, कोरियोग्राफर जीतेन्द्र भगत, कुरुख अभिनेता रिंकू उरांव का चयन झारखंड आदिवासी विकास समिति द्वारा आयोजित होने वाले पदम श्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान समारोह 2022 हेतु किया गया है। जिसको लेकर श्री उरांव ने अपने प्रशंसकों को आभार प्रकट किया है। बताते चलें कि श्री उरांव पिछले 10 वर्षों से कुरुख गायक सह म्यूजिक डायरेक्टर के रूप में कार्य करते आ रहे हैं इनका पतरिया चोटाग, रेलवे स्टेशन में सरना स्टूडियो भी है जिसके बैनर तले यूट्यूब पर हजारों नागपुरी बीडीओ एल्बम बना चुकें हैं और लगातार गायन व कला के क्षेत्र में स्थानीय कलाकारों को मौका भी दे रहें हैं।

## प्रतिभा खोज की मुख्य परीक्षा आयोजित



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित गुमला विभाग की प्रतिभा खोज और प्रतिभा चयन की मुख्य परीक्षा का आयोजन हुआ। विद्या भारती प्रतिभा चयन की मुख्य परीक्षा प्रातः 10:30 बजे प्रारंभ हुई। द्वितीय पाली में विद्या भारती प्रतिभा खोज की परीक्षा 12:00 बजे से प्रारंभ हुई। इस परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में साहिबगंज विभाग के सह विभाग प्रमुख रमेश कुमार उपस्थित थे। इस परीक्षा में सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर गुमला,सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सिसई, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा एवं सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर कैरो के कुल चयनित 59 भैया-बहन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लोहरदगा संकुल के संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सह संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महेंद्र मिश्रा, मधुमिता शर्मा, गीता टोप्पो एवं गणेश कुमार उपस्थित रहे। वंदना सभा में प्रांतीय पर्यवेक्षक रमेश कुमार ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने रमेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी भैया-बहन परीक्षा में सम्मिलित होकर अत्यंत हर्षित एवं उत्साहित दिखे।

## भाजयुमो ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के स्थित भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल मनिका के तत्वाधान में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू ने किया मौके पर उपस्थित भाजपाइयों ने झारखंड सरकार हाय हाय हेमंत सोरेन हाय हाय नारा लगाते हुए पचपेड़ी चौक पर एकत्रित होकर पुतला दहन की मौके पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार युवाओं के साथ छल करने का कार्य कर रही है हाई कोर्ट के द्वारा नियोजन नीति को रद्द कर दिया गया है इसका सरासर जीमेवार झारखंड सरकार है क्योंकि यह सरकार पूर्व में बने नियोजन नीति को रद्द कर झारखंड वासियों को चलने का कार्य किया था मौके पर सब प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, पूर्व प्रमुख उमेश यादव,अजा जिलाध्यक्ष बबन पासवान, अनुसूचित जनजाति जिला महामंत्री संदीप उरांव, कौशल किशोर प्रसाद, विनोद यादव, देवधारी उरांव, नंदेव सिंह, मनदीप कुमार, धर्मजीत राय, बिरजू सिंह, लव यादव, चंदन गुप्ता, पंकज गुप्ता, परमेश्वर सिंह, बगेंदर पासवान, श्रवण यादव, बिट्टू कुमार समेत कई बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने उपायुक्त और एसडीओ को दिया ज्ञापन

**लोहरदगा।** लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यालय के लिए जमीन लेने के मामले को लेकर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सहदेव उरांव, संरक्षक डॉ टी साहु, अध्यक्ष धर्मराज महतो, सचिव गोकुल उरांव, सहयोगी मोईन अंसारी ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल से मिल कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि लोहरदगा जिला के हम सभी पूर्व सैनिकों ने मिल कर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट बनाया है। इस संस्था में लगभग 1300 पूर्व सैनिक जुड़े हुए हैं और हम लोगों को कार्यालय एवं बड़ा सभागार के लिए कम से कम 50 डिसमिल जमीन की आवश्यकता है। कहा कि भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के लिए 50 डिसमिल जमीन मुहैया कराने की कृपा करें। अधिकारियों ने उनके मांग पत्र पर शीघ्र कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

## राणा बहनों ने जीता सर्च टैलेंट शो के ग्रैंड फिनाले का प्रथम और द्वितीय पुरस्कार



**लातेहार।** इंडियाज रियलिटी शो बेस्ड सर्च टैलेंट सीजन 4 व 5 का ग्रैंड फिनाले पलामू के पुलिस स्टेडियम में पिछले 18 दिसंबर को मध्य रात्रि संपन्न हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक हुनर को पहचान मिली। इस बार के सीजन में कई कंटेस्टेंट ने अपने स्टंट, सिंगिंग, मॉडलिंग, क्विज ,डांस से जजों के साथ ऑडियंस का भी दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के माटी कला बोर्ड सदस्य अविनाश देव एवं विशिष्ट अतिथि उप महापौर मंगल सिंह ने लातेहार जिले के नाव्या राणा और राणा अनन्या दोनों बहनों को इस पुरस्कार के लिए शुभकामनाएं दी। अविनाश देव ने कहा कि आज अभिभावकों को अपने बेटे बेटियों की फिक्र नहीं बल्कि उनपर फक्र करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस शो को देखने के बाद लगा कि सचमुच यह टीवी चैनलों पर आने वाले एक रियलिटी शो के जैसा ही है। जहां आज बड़े शहरों में इस तरह के प्रतियोगिताओं को कराकर छुपी हुई प्रतिभा की खोज करते हैं, आज पलामू जैसे जगहों पर सर्च टैलेंट शो का सीजन 5 संपन्न करा कर इस जगह के लोगों ने यह साबित कर दिया है कि संभावनाएं यहां भी हैं। जरूरत है तो सिर्फ छिपी हुई प्रतिभा को निकालने की और निखारने की। इस शो में दूर दूर से प्रतिभागियों ने आकर भाग लिया। पलामू, लातेहार, गढ़वा, रामगढ़, रांची, बनारस, दिल्ली तक से भी बच्चे इसके प्रतिभागी बने। इस शो को मुंबई से आये म्यूजिक डाइरेक्टर रतन रवानी, पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ सूरज कुमार मिश्रा, रांची से आये अचिन्त्य बैंड के संचालक श्रीकांत कुमार, रांची के प्रसिद्ध डांस कोरियोग्राफर सचिन राजपूत, फेमस एक्ट्रेस मुनमुन चक्रवर्ती व अनमोल इंटरटेनमेंट बैनर के फिल्म मेकर प्रवेश दुबे ने जज किया।

## भाजयुमो नगर मंडल ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजयुमो नगर मंडल के अध्यक्ष पवन प्रजापति के नेतृत्व मे युवा मोर्चा के द्वारा जनविरोधी, युवा विरोधी, नियोजन विहीन बताकर हेमंत सरकार के खिलाफ स्थानीय बरवाटोली चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया एवं राज्य सरकार निकम्मी तंत्र के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा के द्वारा विगत दिनों रूबिका पहाड़िया के निरीक्षण से हत्या के खिलाफ में पुतला दहन किया गया। मौके पर युवा मोर्चा के कार्यकताओं का साफ-साफ और सीधा एक ही बात इस राज्य की सरकार को कहना था की हेमंत सोरेन कि सरकार जो युवाओं को नौकरी देने के लोक लुभावने वादे के साथ सत्ता पर आई थी आज वह नौकरी देना तो दूर राज्य के युवाओं के लिए एक स्पष्ट नियोजन नीति तक तैयार नहीं कर पा रही है। आने वाले समय में अगर जल्द से जल्द एक ठोस नियोजन नीति के साथ युवाओं को नौकरी देने का कार्य नहीं किया गया तो भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, श्री चंद्र प्रजापति, चंद्रशेखर अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चार किलोमीटर पैदल चलकर स्कूली बच्चे पहुंचे प्रखंड कार्यालय

# दो शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय छेंचा के सैकड़ों से अधिक स्कूली बच्चों ने मंगलवार की सुबह अपने विद्यालय में कार्यरत दो शिक्षकों को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियोजन किए जाने के विरोध में जुलूस निकालते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड कार्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रतिनियोजन रद्द करने की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को मांग पत्र सौंपा। जानकारी के अनुसार उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कार्यरत दो शिक्षक साबिर खान एवं आलमा मिंज को दूसरे विद्यालय में प्रति नियोजित की कर दिया गया है। जिससे विद्यालय में पठन-पाठन प्रभावित हो रहे थे। जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले निर्धन छात्र-



छात्राओं को मंगलवार अपने विद्यालय से करीब 4 किलोमीटर कतार बद्ध पैदल चलकर प्रति नियोजन रद्द कराने की मांग को लेकर अपनी हाथों में तख्तियां लिए हुई थे। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, प्रति योजन रद्द करो, विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू करो आदि नारों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचकर एक घंटा से अधिक समय तक जमकर नारेबाजी किया। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओ से रूबरू हुए। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं ने कहां की पूर्व में एक महिला शिक्षिका का दूसरे विद्यालय में प्रति नियोजन किया गया है जिससे पढ़ाई कर प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद वर्तमान में कार्यरत 2 शिक्षकों का दूसरे विद्यालय प्रति नियोजन किया गया है।

## मोरहाबादी मैदान में 24 दिसंबर को आयोजित

**बारियातु।** रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में 24 दिसंबर को आयोजित खरवार भोगता स्वाभिमान सह आभार महारैली में शामिल होने के लिए सभी तैयारियां पुरी जानकारी देते हुए समाज के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर भोगता व कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भोगता ने बताया कि प्रखंड कमेटी प्रखंड के सभी नौवो पंचायतों के अध्यक्षों से मील कर 24 दिसंबर को रांची जाने के लिए लोगों को प्रेरित करने में लगे हैं। वहीं टोली बना कर सुरक्षित वाहन से सैंकड़ों की संख्या में आभार महारैली में शामिल होंगें। जिसके लिए साल्वे पंचायत के अध्यक्ष मंगर गंझु, बालुभांग पंचायत अध्यक्ष केदार गंझु, शिबला अध्यक्ष रामा गंझु, गोनिया अध्यक्ष बिनोद भोगता, डाढ़ा अध्यक्ष विनय भोगता, फुलसु अध्यक्ष अशोक भोगता, अमरवाडीह अध्यक्ष मुकेश भोगता, टोंटी अध्यक्ष करमा भोगता, बारियातु अध्यक्ष उमेश भोगता युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर भोगता सचिव बिनोद भोगता अपने अपने संबंधित पंचायतों में तैयारी को लेकर लगे हैं।

## जरूरतमंदों लोगों को बीच गर्म कपड़ा का वितरण

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के राकी कला स्थित ग्राम नावा टोली मे दिन मंगलवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच बढ़ती हुई ठंड मौसम को देखते हुए साड़ी धोती एवं गर्म कपड़ा का वितरण किया गया। आज नारायन सेवा समिति ट्रस्ट को जो कपड़ा उपलब्ध कराया गया डीएवी स्कूल डाल्टनगंज के द्वारा ग्राम नावा टोली के मुसहर जाति परिवार के बीच करीब 100 लोगों को बीच हुआ। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहां आज हजारों गर्म कपड़े का वितरण किया गया। आपको बताते चलें क्षेत्र में लगातार नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के माध्यम से गरीब जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वही डीएवी स्कूल डाल्टनगंज के द्वारा किया गया सहयोग नारायण सेवा समिति को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# पहाड़ो की रानी लातेहार के चंदवा में नववर्ष के लिए प्रकृति कि गोद में बसा कांति झरना

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा।** चंदवा प्रकृति ने अपने अनुपम छटा झारखंड के लातेहार जिला में ऐसे तो कई झरना है। पर उस सभी मे से एक चंदवा प्रखंड स्थित कांती झरना जो प्रकृति के गोद में बसा है। यह झरना घने जंगल के बीच स्थित है, यहां का दृश्य बहुत ही सुंदर और मनमोहक है। पथरीली चट्टानों से हो कर नदी कि निर्मल जल कल कल करती अपने पथ पर निरंतर गिरते पड़ते अपने मंजिल कि ओर बढ़ती कांती झरना सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।यह झरना चर्चा



में बहुत रहती है। नजदीक क्षेत्र के सैलानी का कमोबेश यहां साल-भर आना जाना लगा रहता है। नव वर्ष पर सैलानियों कि यहां भरमार रहती है। 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन यहां अच्छा खासा मेला लगता है। नव वर्ष में गांव के लोग बाहर से जाने वाले सैलानियों के लिए पार्किंग कि व्यवस्था करते है। और भारी भरकम भीड़ जगह जगह पर रहती उसको ग्राम वासियों कि ओर से व्यवस्था कि जाती है। सैलानियों ने द्वारा कई प्रकार के पकवान बनाते है। उसके बाद गांजे बाजे के साथ नव वर्ष कि शुरूआत करते है। वही प्रकृति के छटा देख शहरवासी कांति झरना हर वर्ष आने कि बात करते है। सरकार की पर्यटन विभाग कांती झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकास पर ध्यान दे तो यह राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में देश के मान चित्र पर दिखाई देगा, और इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। **रात कहां रुके :** घुमने आये लोगों को रात में रुकना है। तो चंदवा, कुडू, लोहरदगा, या रांची में ही रुका जा सकता है। ऐसे चंदवा और कुडू नजदीक है। चंदवा में कई नामी रुकने के लिए होटल है। **सावधानी से नीचे उतरे :** कांति झरना पहुंचने वाले सैलानी सावधानी का विशेष ख्याल रखें झरना की चट्टानें बेहद चिकनी तथा फिसलन भरी है। किनारे पर न जाएं और बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

### कैसे पहुंचा जा सकता है

**झारखंड की राजधानी रांची से झरना की दूरी लगभग 65 किलोमीटर है। तथा लातेहार जिले के चंदवा से 17 कि मी की दूरी पर रांची चंदवा मुख्य सड़क पर लाधुप के पास से वहां पहुंचा जा सकता है। झरना स्थल तक पहुंचने के लिए सैलानी को अपने निजी वाहन से पहुचे है। तथा अपने साथ भोजन नास्ता का व्यवस्था ले कर ही जाते है। आबादी से दूर होने के कारण खाने को कुछ नहीं मिल पता है।**

## गरीबों के बीच कंबल का वितरण



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम कैरो गांव के ग्रामीण को बीच बढ़ती ठंड और कनकनी से लोगों को बचाव एवं राहत के लिए वृद्ध एवं गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कैरो प्रखंड कांग्रेस महासचिव सह समाजसेवी मोजाहिर अंसारी ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का विकास करना चाहती है, जब तक इनका विकास नहीं होता है तब तक एक विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस तरह गरीब एवं वृद्ध लोगों का सेवा करने से दिल को सच्ची सुकून मिलता है। इंसान की सेवा करना ही सच्चा धर्म है। कंबल पाने वाले आम जनता अमीन अंसारी, महिउद्दीन अंसारी, जहूर अंसारी, कुलसुम बीबी, कासिम अंसारी, जैतून खातून, अब्दुल अंसारी, अकबर खान, जुलू खान, मुख्तार अंसारी, शकीला बानो, सफीरन बीबी, सबीरन खातून आदि खुश थें।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप और जूनियर नेशनल के लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन



**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा बी एस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय 20 और 21 दिसंबर 2022 को इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप और जूनियर नेशनल के लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित प्रतिभागी आगामी 11 जनवरी 2023 से 14 जनवरी 2023 तक बिहार के पटना में आयोजित इंटर डिस्टिक एथलेटिक मीट में भाग ले सकेंगे। पहला दिन के कार्यक्रम मे अंडर 14 बालिका 600 मीटर रेस में क्रमानुसार सूरजी उरांव, प्रेरणा पन्ना और सुनीता उरांव ने स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में शोभित उरांव, सुकेस उरांव और रोशन उरांव ने स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 के बालक वर्ग 1500 मीटर रेस में सूरज कुमार, रामविलास पासवान और छोटू उरांव ने स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में जयश्री उरांव, अंडर 20 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग के 15 मीटर रेस में मंजय उरांव, कुंदन कुमार साहू और राहुल उरांव ने स्थान प्राप्त किया। बालिका ग्रुप में सुरखी कुमारी, सीता कुमारी साहू और रिया कुजुर ने स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता की सफलता हेतु ऑफिशियल के तौर पर राष्ट्रीय एथलीट संतोष राम, विनय उरांव, सुनील साहू, तबारक हुसैन अंसारी, वीरेंद्र गोप, निलेश कुमार तमेड़ा, विनोद महली, गुलशन उरांव, नेहा कुमारी, उनिता लकड़ा, छोटन उरांव, सुमन कुमारी आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सबकी योजना सबकी विकास वर्ष 2023-24 के लिए जिस योजना का चयन करना है उसके लिए पंचायत सहजकर्ता कमिटी का चयन करते हुवे तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया है। जिसमें जन योजना अभियान के रूप में चलाया जाना है। पंचायत सहजकर्ता दल में सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सभी पंचायत से सभी मुखिया, प्रत्येक पंचायत से दो-दो वार्ड सदस्य, संसाधन दल के दो-दो सदस्य सखी मंडल से एक सदस्य, मनरेगा मेट,एक-एक जल सहिया, एक-एक स्वास्थ्य सहिया प्रशिक्षण में उपस्थित हैं। यह प्रशिक्षण 19 दिसंबर सोमवार से शुरू है। 20 दिसंबर मंगलवार को दूसरा दिन प्रशिक्षण ले रहे हैं। मुख्य रूप से प्रशिक्षु राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर साकेत तिवारी एवं प्रखंड संसाधन दल के मास्टर ट्रेनर प्रभारी प्रखंड राज्य पदाधिकारी आत्मा सिंह, जेएसएलपीएस के बीपीएम शिव कुमार राम, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज्य मनोरमा टोप्पो, मनरेगा प्रभारी बीपीओ राहुल राज एवं एसपीएम के प्रखंड समन्वयक सोनी कुमारी मुख्य रूप से प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस प्रशिक्षण की अध्यक्षता बीडीओ सह पंचायत समिति सचिव प्रदीप कुमार दास के द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों ने भाग लिए।

## छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विधालय में मंगलवार को प्रधानाध्यापिका अनिता देवी, वार्ड नंबर सात के वार्ड सदस्य पप्पू यादव शिक्षक राजेश सिंह व शिक्षिका अलिजा वेद मिंज ने संयुक्त रूप से वर्ग 1 व 2 के अध्ययनरत 55 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया। पोशाक वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए एचएम देवी ने बताई कि वर्ग एक व दो में पढ़ने वाले वैसे छात्र छात्राएं जिनका पोशाक का पैसा खाता में नहीं गया था वैसे 55 छात्र-छात्राओं का विभाग द्वारा दो-दो सेट ड्रेस, एक एक स्वेटर व जुता मौजा उपलब्ध कराया गया था जिसे आज मंगलवार को छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया गया। वितरण के मौके पे कई स्कुली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## खराब जल मीनार मरम्मत करने की मांग



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में मंडल कोरवा टोला के 20 से अधिक आदिम जनजाति कोरवा समुदाय के लोग बीते एक वर्ष से खराब जलमीनार की शिकायत करने पहुंचे।ग्रामीणों की शिकायत थी कि कोरवा टोला में लगा जलमीनार बीते एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इसकी मरम्मत करने की मांग की गयी। लेकिन अब तक जलमीनार मरम्मत नहीं होने से उन लोगों को दो किलोमीटर से अधिक दूर कोयल नदी से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। जिससे उन लोगों के सामने काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जलमीनार मरम्मत करने की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ सभी आदिम जनजाति परिवारों से जल्द से जल्द जलमिनर मरम्मत करने का आश्वासन दिया। वही पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि दो दिनों के अंदर अगर जल मीनार की मरम्मत नहीं की जाती है। तो शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जायेगा। मौके पर आदिम जनजाति समुदाय के लोग शामिल थे।

## रांची ने लोहरदगा को 8 विकेट से हराया



**लातेहार।** अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 14 का तीसरा मैच जिला खेल स्टेडियम में रांची तथा लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें लोहरदगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 वे ओवरों में 71 रन पर पूरी टीम ढेर हो गयी। जिसमे देवदीप राय 22 तथा दीपक कुमार ने 20 रन का योगदान दिया। रांची की ओर से राज कमल 4, शिवम राज 3 तथा अदनान अली ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य कि पीछा करने रांची ने 6.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पीआर 74 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमे अभिषेक कुमार 35, ऋतुराज ने 12 रन का योगदान दिया। लोहरदगा की ओर से नयन कुमार तथा तन्मय कुमार ने एक एक विकेट चटकाए। मैच के अंपायर हेमंत ठाकुर तथा मनोज कांजीलाल थे जबकि स्कोरिंग सतीश मिश्रा ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रांची के राज कमल कुमार को शशि भूषण चौबे द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार द्विवेदी, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, कमिटी सदस्य दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, नीरज कुमार सिंह, विजय सिंह, संतोष पांडेय, कमानुल खान, जितेंद्र कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव, अश्विनी कुमार सिंह समेत सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन




**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त के निदेर्शानुसार सप्ताह के हरेक मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान करने के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में सप्ताहिक जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू 20 सूत्री सदस्य सुनीता पाल प्रखंड कर्मी सुषमा कुमारी समेत और भी कर्मी उपस्थित थे। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्या से पदाधिकारी अवगत हुए और जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं कुछ समस्याओं का निष्पादन भी किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के बीच कंबल वितरित भी करने का कार्य किया।

# पिता की मौत के पांच दिनों बाद घर से निकला बेटे का जनाजा

### पिता आदम की मौत के दिन से ही लापता था बेटा मेहराब

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मेहराब मेडिकल के संचालक आदम खान की मौत को अभी पांच दिन ही गुजरे थे कि मंगलवार की सुबह उनके बेटे मेहराब खान का शव बरिसा टोगरीं के एक तालाब के किनारे मिलने की खबर से सारा शहर स्तब्ध रह गया। अजाद बस्ती निवासी स्व. आदम खान की मौत के बाद उसी दिन से उनका छोटा बेटा महराब खान अचानक गायब हो गया था। उसे ढूंढने के लिए उसके दोस्त, रिश्तेदार से लेकर पास-पड़ोस के लोग लगातार पांच दिनों से लगे हुए थे। मेहराब खान की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी। लेकिन मंगलवार की सुबह बरिसा टोंगरी के एक तालाब के किनारे युवक का शव बरामद किया है। मृतक की उम्र लगभग 16 साल बतायी जा रही है।



### अज्ञात पर हत्या की दर्ज की गयी प्राथमिकी

परिजनों ने गुमला सदर थाने में अज्ञात पर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मेहराब मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पुलिस अनुसंधान में जुटी है। जल्द ही मामले मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

**पिता की मौत के दिन से ही लापता हो गया था मेहराब :** जिस दिन मेहराब के पिता आदम खान की मौत हुई थी, उस दिन उनके जनाजे को दफन क्रिया कर्म को लेकर मेहराब थोड़ा नाराज था और उसने अपने वालिद की नमाजे जनाजा भी नहीं पढ़ी थी। उसके बाद परिवार और मोहल्ले वालों ने उसे दोबारा नहीं देखा। उसी दिन से वह घर से गायब था। लोग ऐसा समझ रहे थे कि नाराज मेहराब जल्द ही घर लौट जाएगा मगर मंगलवार को मेहराब का शव बरामद होने के बाद सभी उम्मीदों ने दम तोड़ दिया।

### परिजनों ने कहा- आत्महत्या नहीं हत्या का है मामला

परिजनों ने हादसे को हत्या मान रहे हैं। परिजनों का कहना है कि अगर यह लाश पांच दिनों तक पानी के अंदर होती तो अभी तक काफी फुल गया होती। परिजन यह भी बता रहे हैं कि उसके शरीर और चेहरे पर चोट व घाव के दाग हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अगर यह लाश दो दिनों पूर्व की है तो इससे पूर्व तीन दिन मृतक कहां था। पुलिस के लिए यह घटना अंधेरी रात में गुत्थी सुलझाने के जैसा है। लेकिन परिजन और आम लोगों का यह कहना है कि किसी ने हत्या कर उसके शव को तालाब में फेंक दिया। हालांकि यह खुलासा तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। लेकिन यह मामला आत्महत्या का है इससे शहर के लोग मानने से इनकार कर रहे हैं।

शव मिलने की सूचना पाते ही दहाड़ें मार कर रोने लगे परिजन : जैसे ही मेहराब के शव मिलने की खबर परिजनों को मिली परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। जो परिवार लोगों की जिंदगी की रक्षा के लिए दवा देने का काम करता था, जो परिवार गरीबों को मुफ्त में दवा बांट दिया करता था वह आज किस स्थिति में पड़ा था कि देखने वालों की आंख से आंसू निकल रहे थे।

**जिस स्थान पर पहले पिता की नमाजे जनाजा पढ़ाई गई, वहां पर पांच दिन बाद बेटे का शव रखा गया :** जैसे ही पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा काफी संख्या में शहर के लोग पोस्टमार्टम हॉस्पिटल पहुंच गए। हर आदमी की जुबान में इस परिवार के प्रति संवेदना झलक रहे थे, जिस जगह पर पांच दिन पहले बाप की नमाजे जनाजा पढ़ाई गई थी। पांच दिनों के बाद उसी स्थान पर बेटे की लाश दिखाई दे रही थी, जिस स्थान पर पांच दिन पहले पिता को दफन किया गया था ठीक उसी के बगल में बेटा दफनाया जा रहा था। देखने वालों की आंखों से आंसू निकल रहे थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### केवीके गुमला विकास भारती ने किया मृदा जांच पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर द्वारा मृदा नमूना एकत्रित करने का तरीका एवं जांच पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में कोलेश्वर नाथ इंटर महाविद्यालय बनारी एवं जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशनपुर के 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रकार के प्रशिक्षण को विद्यालयों में कराने की पहल डॉ संजय कुमार वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान केवीके गुमला विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा की गई है। जिसका उद्देश्य है कि ये बच्चे मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा उर्वरता को जानें एवं स्वास्थ्य के प्रति अपने परिजनों को जागरूक करें। साथ ही साथ अपने विद्यालयों में अन्य छात्रों को भी जागरूक करेंगे एवं मृदा में पोषक तत्व की कमी को देखते हुए उर्वरक एवं पोषक तत्वों का प्रयोग करेंगे एवं अपने परिजन को देंगे। केवीके के मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर नीरज कुमार वैश्य ने मृदा एकत्रित करने का तरीका एवं मृदा जांच के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण में कुल 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन बच्चों के द्वारा मिट्टी नमूना एकत्रित करायी जाएगी एवं मिट्टी जांच प्रयोगशाला में जांच भी करायी जाएगी। इस कार्यक्रम में डॉ निशा तिवारी, शीला उरांव एवं श्वेता विश्वकर्मा ने भाग लिया।

### एसडीपीओ ने वाहन जांच सह सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन गुमला के द्वारा घाघरा थाना के मुख्य द्वार के समीप वाहन जांच एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान मंगलवार को चलाया गया। अभियान में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में तमाम तरह के वाहनों की जांच की गई। मौके पर मौजूद मनीष कुमार लाल ने बताया कि जिला परिवहन पदाधिकारी विजय बिरवा के निर्देशानुसार आज घाघरा थाना में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं मौजूद सड़क सुरक्षा मैनेजर प्रभास कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान 60 वाहनों से 2,10,000 का चालान काटा गया। इस क्रम में काला शीशा, बगैर सीट बेल्ट वाले चालक व बगैर हेलमेट वाले मोटरसाइकिल चालकों को मुख्यतः रोका गया और चालान काट कर उन्हें छोड़ दिया गया। इधर आई रेड के मैनेजर परमानंद महाराज के द्वारा थाना में मौजूद दरोगा को सड़क दुर्घटना की घटना में ऑनलाइन से संबंधित प्रशिक्षण दिया भी गया। इस मौके पर घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार, आईटी असिस्टेंट मंटू रामानी, एएसआई अरविंद सिंह सहित घाघरा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

### रसोइया सह सहायिका कुकिंग प्रतियोगिता में सीता देवी व आनंदी देवी विजेता बनीं



**सिसई (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय रसोइया सह सहायिका कुकिंग प्रतियोगिता में प्रखंड मुख्यालय विद्यालय की रसोइया सह सहायिका विजेता बनीं। मंगलवार को राजेन्द्र अभ्यास विद्यालय गुमला में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में 12 प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों की रसोइया सह सहायिका टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सिसई से प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रही राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय की रसोइया सीता देवी व आनन्दी देवी एवं संयोजिका सरीता देवी ने जिला में पहला स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को जिला शिक्षा अधीक्षक वारिश अहमद के द्वारा पांच हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कुकिंग प्रतियोगिता में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जोहानी टोप्पो, मुख्यालय विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष उर्वशी देवी मौजूद थे। जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय की रसोइया सह सहायिका को शिक्षाविदों, शिक्षकों सहित अन्य लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने कांग्रेस के प्रदेश सचिव से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन झारखंड के महासचिव मंगलेश्वर उरांव, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार, सचिव जीवननाथ तिवारी, प्रमंडलीय सचिव अवधेश कुमार राम, प्रखंड सचिव गोसाई उरांव और बसंत यादव ने कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी से मुलाकात की और प्रदेश सचिव बनने पर बधाई देते हुए बुके प्रदान किया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनका ध्यान आकृष्ट कराया। आशा जताई कि श्री रमेश उनकी समस्याओं को उचित पटल पर रखेंगे और निदान की दिशा में प्रयास करेंगे। शिक्षकों ने मुख्य रूप से उत्क्रमित वेतनमान, शिक्षकों की प्रोन्नति, एमएसीपी आदि पर ध्यान दिलाया। जिसपर रमेश ने अपने स्तर से सकारात्मक प्रयास करने का भरोसा दिलाया। कहा कि गठबंधन की सरकार सभी वर्ग के हित को लेकर चिंतित है। निश्चित समस्याओं का निदान होगा।

## निर्माणाधीन अस्पताल भवन में मजदूरों की स्थिति की जांच करने पहुंचे श्रम अधीक्षक

### जिला 20 सूत्री सदस्य ने जांच के लिए उपायुक्त को दिया था आवेदन

### आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** प्रखंड क्षेत्र के गांव जरिया स्थित निर्माणाधीन अस्पताल भवन में चल रहे निर्माण कार्य पर अनियमितता की बातें तो सामने आ रही रही थीं। आजाद सिपाही में खबर छपने के बाद मजदूरों पर हो रहे शोषण को रोकने के लिए मंगलवार को गुमला के श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज कामडारा पहुंच गए। बताया जा रहा है कि शायद इसकी सूचना ठेकेदारों को कहीं से मिल गई थी। मंगलवार को मजदूरों को काम पर लगाया ही नहीं गया। फिर भी जब श्रम अधीक्षक कार्य स्थल पर पहुंच ही गए तो उन्होंने इस कार्य पर लगे ग्रामीणों से पूछताछ की। जिसमें उन्होंने पाया कि मजदूरों का ग्रुप इंश्योरेंस नहीं है। इसके अलावे मजदूरों के लिए मेडिकल सुविधा सहित अन्य चीजों की कमी है। जिसमें सुधार करने का निर्देश दिया गया है। मालूम हो कि झारखंड प्रदेश कमेटी के सचिव सह बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य रोशन बरवा ने सोमवार को जांच के दौरान पाये गये अनियमितता व मजदूरों का हो रहा शोषण को लेकर गुमला के उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा है। उन्होंने जांच व कार्रवाई की मांग भी की है। अगर इस अस्पताल निर्माण में ढंग से अनियमितता की जांच की जाए तो कई मामले सामने आएंगे। मजदूरी भुगतान, मजदूरों का बीमा, मजदूरों का मेडिक्लेम से लेकर निर्माण कार्य में लगाई गई सामग्री और भूतल में किए गए सामानों का उपयोग। हर जगह कमियां पायी जाएंगी, इसीलिए क्षेत्र के लोग मान रहे हैं कि अनियमितता की नींव पर खड़ा हो रहा है अस्पताल का यह निमार्णाधीन अस्पताल भवन।

## इंटर कॉलेज बालक-बालिका नेट बॉल ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई खेल मैदान में इंटर कॉलेज नेट बॉल ट्रायल प्रतियोगिता हुई। रांची विश्वविद्यालय रांची के निर्देश पर प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए नेट बॉल ट्रायल प्रतियोगिता की गयी। जिसमें बीएन जालान कॉलेज सिसई, संत पॉल कॉलेज रांची, गोस्सनर कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज, करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो, बिरसा कॉलेज खूंटी, निर्मला कांलेज, रांची विश्वविद्यालय कैंपस के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे थे। रेफरी गणेश कुमार व प्रमोद कुमार ठाकुर के द्वारा नेट बॉल खेलाया गया। नेट बॉल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 16-16 बालक-बालिका खिलाड़ियों का चयन रांची विश्वविद्यालय टीम के लिए किया गया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण साहू, खेल प्रभारी अरुण कुमार दास, आदित्य विक्रम देव, डॉ रंजीत कुल्लू, सुरेश साहू, डॉ निसार अहमद, करम सिंह औरैया, इंद्रजीत राम, डॉ दीपक कुमार, सुमित कुमार, दीपक उरांव, कोमल कुमारी, कमलेश उरांव, महताब अंसारी सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल थे।

## कौशल विकास केंद्र घाघरा से बीडीओ ने छह महीने का प्रशिक्षण के लिए युवतियों को किया रांची रवाना

### सभी युवतियों को वाजीर स्किल इरबा रांची में दिया जायेगा सिलाई, कढ़ाई और कंप्यूटर का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांवों की 29 युवतियों को कौशल विकास केंद्र घाघरा द्वारा छह महीने का प्रशिक्षण हेतु वाजीर स्किल इरबा रांची प्रशिक्षण केंद्र मंगलवार को 12:00 बजे रवाना किया गया। बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने जा रही युवतियों को रवाना किया। इस मौके पर स्टेट कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार ने बताया कि कौशल विकास केंद्र घाघरा के द्वारा चयनित वाजीर स्किल इरबा रांची में सभी युवतियों को छह महीने का प्रशिक्षण सिलाई, कढ़ाई और कंप्यूटर के लिए दिया जाएगा, जो आवासीय है। सरकार की चल रही इस योजना से इन लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही बीडीओ ने कहा कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आय का साधन बना सकें, इसके लिए मेरे द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

मौके पर उपस्थित लोगों में स्वयंसेवक श्याम कुमार साहू, प्रमिला कुमारी, रीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, राधा कुमारी, भगवती कुमारी, सुसंती कुमारी, सरोज कुमारी सहित 29 युवतियां शामिल थीं।

## बीडीओ ने पीसीसी पथ का किया निरीक्षण

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** भवन प्रमंडल विभाग से 12 लाख की लागत से चैनपुर ब्लॉक कैंपस में पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। पीसीसी पथ निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा भारी अनियमितता बरतने की शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह को मिली। जिसके बाद मंगलवार को बीडीओ डॉ. सिंह अंचलाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा ब्लॉक कैंपस के पथ का निरीक्षण किया गया। पथ निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हो रहा है जिसपर बीडीओ ने ठेकेदार को फटकार लगायी। कहा ब्लॉक गलत काम नहीं चलेगा। साथ में नाली का भी निर्माण कराएं नहीं तो बिल में कटौती कर दी जाएगी और विभाग के कार्यपालक अभियंता को इसकी सूचना दे दी जाएगी।

## क्रिसमस को लेकर चैनपुर में आकर्षक तरीके से घरों से लेकर गिरजाघरों को सजाया जा रहा है

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** क्रिसमस को लेकर चैनपुर में तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। प्रभु यीशु के स्वागत के लिए घरों से लेकर गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। हर ओर क्रिसमस की धूम देखने को मिल रही है। गिरजाघरों में चरनी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चैनपुर ब्लॉक परिसर में भी क्रिसमस की धूम देखने को मिली चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह के द्वारा ब्लॉक में सांता क्लॉज एवं क्रिसमस ट्री लगाया गया है, जो पूरे ब्लाक परिसर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस मौके पर बीडीओ डॉ. सिंह ने कहा कि क्रिसमस शांति का संदेश लाता है। प्रभु यीशु को शांति का राजकुमार कहा गया है। शायद यही वजह है कि क्रिसमस किसी एक देश या राष्ट्र में नहीं, बल्कि दुनियाभर में धूमधाम से मनाया जाता है। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर एवं झामुमो जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने भी संबोधित किया। इधर 22 दिसंबर को चैनपुर के लूथरन मैदान में होने वाले क्रिसमस गैदरिंग को लेकर झामुमो चैनपुर के द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए चैनपुर के युवा वर्ग लगे हुए हैं।

## मुंबई में सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत सिसई के मजदूर की करंट से मौत

### परिजनों ने प्रशासन से लगायी शव मंगवाने की गुहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड अंतर्गत दिकदोन गांव का मजदूर शंकर लोहरा पिता मुसकु लोहरा की मौत आज सुबह 8 बजे मिलर मशीन में अचानक करंट आ से हो गयी। मजदूर शंकर लोहरा महाराष्ट्र मुम्बई के मालेगांव थाना कल्याण टू, जिला कल्याण में सीमेंट अल्ट्राटेक कंपनी में कार्यरत था। माता-पिता और दो बहन और एक भाई की सारी जिम्मेदारी शंकर पर थी। मृतक मजदूर शंकर लोहरा की मां और पिता ने कहा कि हम काफी गरीब परिवार से हैं और कर्ज में डूबे हैं। लगभग 15 दिन पूर्व मेरा बेटा मजदूरी करने गया था। इधर घटना की सूचना पर परिजन मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान एवं महिला जिलाध्यक्ष



सुनीता कुमारी से फोन कर जानकारी दिए तथा मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान से मृतक मजदूर युवक का शव मुम्बई से झारखंड राज्य गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड के दिकदोन गांव तक शव लाने की गुहार लगाई है। जिसके बाद मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने महाराष्ट्र मुम्बई कंपनी के मालिक से फोन कर बातचीत कर शव भेजने व परिजनों को उचित मआवजा दे। जिला को प्रशासन श्रमिक प्रवासी विभाग गुमला को इसकी जानकारी दी गयी है। शव मुम्बई से फ्लाईट से लाया जाएगा। संभवतः आज सारी प्रक्रिया पूरी कर शाम तक शव को लेकर निकल जाएगा। गांव के एक मजदूर युवक प्रेम चंद उरांव ने बताया कि यह कंपनी की लापरवाही है कि मजदूर का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। युवक शंकर लोहरा एक साल काम कर रहा था। जिला प्रशासन, झारखंड प्रदेश प्रवासी नियंत्रण कक्ष के गुमला जिला कोर्डिनेटर ने इसकी जानकारी रोशन तिग्गा को दी जा चुकी है।

## कार्रवाई : सड़क पर सामान रख जाम लगाने वाले 17 दुकानदारों पर लगा जुर्माना

# सार्वजनिक आवागमन को बाधित करना दंडनीय अपराध है : इओ

### नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर निकाय के उड़नदस्ता दल ने मेन रोड एवं जसपुर रोड में अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर निकाय के उड़नदस्ता दल ने मेन रोड तथा जसपुर रोड में अभियान चलाकर ऐसे 17 लोगों को ऑन स्पॉट जुमार्ना अधिरोपित किया जिन्होंने अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैला कर आवागमन को बाधित किया हुआ था। वहीं कुछ दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क पर बना दी गयी अस्थाई संरचनाओं को नगर परिषद कर्मियों ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पिछले 2 दिन से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ लोगों द्वारा सामान बाहर रखकर शहर में आवागमन बाधित किया जा रहा है, इस पर मंगलवार को निकाय के उड़नदस्ता प्रभारी नगर प्रबंधक हेलाल अहमद के नेतृत्व में चले अभियान में 17 लोगों से सांकेतिक अर्थदंड के रूप में 5500 रुपए वसूले गए, वहीं हिदायत दी गई कि यदि नाली की सीमा से बाहर सामान रखा गया तो नगर परिषद की टीम ऐसे सामान को जब्त कर लेगी। अभियान में नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, सभी कर दरोगा तथा कनीय अभियंता गण मौजूद थे।

संजय कुमार ने बताया कि शहर को दुरुस्त और व्यवस्थित रखने में सभी के सहयोग की अपेक्षा है। बताया कि इस प्रकार का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बिशुनपुर प्रखंड परिसर में रोजगार मेला का आयोजन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जहां पर सरकार के द्वारा चल रही विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का पंचायत वाइज स्टॉल लगाया गया। जहां पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर बकरी पालन, शुगर पालन, मुर्गी पालन, तालाब निर्माण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य कार्य के लिए आवेदन दिया। इस मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने बताया कि सरकार के द्वारा जन कल्याण के लिए कई



महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही हैं। जिनका सीधा लाभ आम ग्रामीणों को मिले इसके लिए बिशुनपुर प्रखंड के सभी 10 पंचायत को लेकर आज रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह रोजगार सृजन मेला से बिशुनपुर प्रखंड के लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा लोन मुहैया कराया जाएगा। जिससे लोग अपने स्वरोजगार से जुड़कर लोग स्वावलंबी बन सकें। इसके लिए प्रशिक्षण हेतु आवेदन फॉर्म लिया गया। उन्होंने कहा कि बिशनपुर के लोग प्रशिक्षण लेकर इसका लाभ उठायें और इसे जीविकोपार्जन के रूप में अपनायें।

